**भारत और सिएरा लियोन संबंध**

भारत और सिएरा लियोन के बीच परंपरागत रूप से मधुर संबंधों को तत्कालीन विदेश राज्य मंत्री श्री आनंद शर्मा की जनवरी 2009 में हुई सिएरा लियोन की यात्रा से नई ऊर्जा प्राप्त हुई थी, जो दस वर्ष के अंतराल के बाद भारत की ओर से पहली उच्च स्तरीय यात्रा थी।

अकरा में निवास के साथ घाना स्थित भारतीय उच्चायोग को सिएरा लियोन की भी समवर्ती रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। भारत का मानद वाणिज्य दूतावास फ्रीटाउन में वर्ष 1993 से कार्य कर रहा है।

द्विपक्षीय उच्च स्तरीय परामर्शों में जुलाई 2000 में भारतीय रक्षा मंत्री श्री जॉर्ज फर्नाण्डीज की सिएरा लियोन की यात्रा; सिएरा लियोन के उद्योग एवं परिवहन मंत्री मिस्टर ए. ई. बांगुरा की नवंबर 1998 में नई दिल्ली की यात्रा; सिएरा लियोन की संसद के स्पीकर के नेतृत्व में एक दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की जनवरी 2003 में नई दिल्ली की यात्रा; और विदेश मंत्री अल्हाजी मोमोडू कोरोमा तथा व्यापार एवं उद्योग मंत्री डॉ0 कादी सेसे की नवंबर 2005 में नई दिल्ली की यात्रा शामिल हैं।

सिएरा लियोन की ओर से अन्य मंत्री स्तरीय दौरे जनवरी 2007 में विदेश मंत्री मिस्टर मोमोडू कोरोमा; दिसंबर 2007 में स्वास्थ्य मंत्री मिस्टर जोसेफ एस. सेसे और कृषि, खाद्य सुरक्षा एवं वानिकी मंत्रालय के पशुधन निदेशक, मिस्टर फ्रांसिस अब्दुल रहमान सन्कोह; मार्च 2008 में व्यापार मंत्री मिस्टर ए. पी. कोरोमा; और अक्टूबर 2008 और फिर फरवरी 2011 में विदेश मंत्री सुश्री जैनब बांगुरा ने किए थे।

सिएरा लियोन के दो संसद सदस्यों माननीय मिस्टर लिजेसी सन्कोह और माननीय मिस्टर जैकब आई. कोरोमा ने मार्च 2012 में आयोजित 'लीडर्स ऑफ फ्यूचर' कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भारत का दौरा किया था। ऊर्जा एवं जल संसाधन मंत्री मिस्टर ओलुनियी रॉबिन-कोकर ने अक्टूबर 2012 में नई दिल्ली में आयोजित वैश्विक मंत्री स्तरीय "इंटरनेशनल सेमीनार ऑन इनर्जी एक्सेस" में भाग लेने के लिए भारत का दौरा किया था।

मंत्रिमंडल सचिव और सिविल सेवा प्रमुख सहर जॉर्ज पेसिमा के नेतृत्व में एक चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने 18-27 जनवरी 3013 को एक अध्ययन दौरे के लिए भारत की यात्रा की थी। राष्ट्रपति के कार्यालय में चीफ ऑफ स्टाफ डॉ0 रिचर्ड कोन्टेह ने मार्च 2013 में नई दिल्ली में आयोजित 9वें सीआईआई-एक्सिम बैंक कॉन्क्लेव में भाग लेने आए सिएरा लियोन के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। व्यापार एवं उद्योग उप मंत्री एली बडारा मनसारे इस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। व्यापार एवं उद्योग उप मंत्री के साथ प्रेसीडेंसी के चीफ ऑफ स्टाफ के विशेष सचिव और दो व्यावसायिक कार्यकारी अधिकारियों ने नई दिल्ली में मार्च 2014 में आयोजित 10वें सीआईआई-एक्सिम बैंक कॉन्क्लेव में भाग लिया।

बिहार के उप मुख्य मंत्री श्री सुशील कुमार मोदी ने 30 जनवरी से 1 फरवरी 2012 तक सिएरा लियोन में आयोजित "सिएरा लियोन विकास एवं परिवर्तन सम्मेलन" में भाग लेने के लिए सिएरा लियोन की यात्रा की।

सिएरा लियोन राष्ट्रमंण्डल का एक सदस्य देश है। इसने शिक्षा, युवा एवं खेल मंत्री के नेतृत्व में अपने 48 सदस्यीय खेल प्रतिनिधिमंडल के साथ राष्ट्रमंडल खेल दिल्ली 2010 में प्रतिनिधित्व किया था।

राष्ट्रपति अर्नेस्ट बेकोरोमा ने तीसरी भारत - अफ्रीका मंच शिखर बैठक के लिए 27 से 29 अक्टूबर 2015 के दौरान भारत का दौरा किया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा हुई। विदेश मंत्री डा. सैमुरा कमारा, जो शिष्टमंडल के अंग थे, ने विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज से मुलाकात की। सिएरा लियोन के व्यापार मंत्री ने भी आई ए एफ एस 3 के दौरान अतिरिक्त समय में व्यापार मंत्री बैठक में भाग लिया। राष्ट्रपति कोरोमा को प्रधानमंत्री का निमंत्रण देने के लिए प्रधानमंत्री के विशेष दूत के रूप में जल संसाधन राज्य मंत्री श्री राम कृपाल यादव ने 16 से 18 जुलाई 2015 के दौरान सिएरा लियोन का दौरा किया।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय तथा एन टी पी सी के प्रतिनिधियों से युक्त एक भारतीय विद्युत क्षेत्र तकनीकी टीम ने 8 से 11 दिसंबर 2015 के दौरान सिएरा लियोन का दौरा किया। टीम ने ऊर्जा मंत्री से मुलाकात की तथा फ्रीटाउन के बाहर थर्मल पावर स्टेशन तथा लुनसार लौह अयस्क खान एवं केनेमा और बीओ सब स्टेशन का भी दौरा किया।

सिएरा लियोन के महासचिव के विशेष दूत के कार्यालय से संबद्ध 10 सदस्यीय सैन्य संपर्क यूनिट के प्रमुख के रूप में ब्रिगेडियर एस सी जोशी के नेतृत्व में शुरू में सिएरा लियोन में यू एन सहायता मिशन (यू एन ए एम एस आई एल) में 4000 भारतीय सैन्य टुकड़ी की तैनाती और इसके बाद इस टुकड़ी का नेतृत्व एक 10-सदस्यीय सैन्य संपर्क यूनिट (सिएरा लियोन के लिए महासचिव के विशेष दूत के कार्यालय से संबद्ध) के मुखिया के रूप में ब्रिगेडियर एस. सी. जोशी द्वारा, और उसके बाद, यूनामसिल के फोर्स कमाण्डर के रूप में जनवरी 2000 की शुरुआत से मेजर जनरल वी. के. जेटली द्वारा किया गया था। भारतीय टुकड़ियों को जनवरी 2001 से चरणबद्ध ढंग से हटा लिया गया था।

**वाणिज्यिक संबंध :**

भारत का सिएरा लियोन के साथ व्यापार बहुत कम है। उपलब्ध सांख्यिकी के अनुसार दोनों देशों के बीच कुल द्विपक्षीय व्यापार मुख्य रूप से इबोला वायरस के डर से 2014-15 में घटकर 82.99 मिलियन अमरीकी डालर रह गया। सिएरा लियोन को भारत के आयात वर्ष 2013-14 में 80.40 मिलियन यूएस डॉलर और आयात 2.59 मिलियन यूएस डॉलर रहे। 2013-14 में भारत का कुल व्यापार 124.58 मिलियन अमरीकी डालर था जिसमें भारत के निर्यात का मूल्य 100.99 मिलियन अमरीकी डालर था।

भारतीय निर्यातित वस्तुओं में अधिकांशत: दवाइयां और औषधियां, वस्त्र, अण्डे तथा मशीन औजार शामिल हैं, जबकि सिएरा लियोन से आयातों में फेरस वेस्ट और स्क्रैप, लकड़ी का गूदा, वेस्ट पेपर और थोड़ी मात्रा में टाइटेनियम अयस्क शामिल हैं।

सिएरा लियोन में लगभग 20 भारतीय एनआरआई/भारतीय मूल के व्यक्तियों की व्यापारिक कंपनियां हैं। वर्ष 2010 में 10.7 बिलियन यूएस डॉलर में जेन अफ्रीका का अधिग्रहण कर लेने के बाद भारती एयरटेल ने जेन एसएल को खरीद कर सिएरा लियोन के टेलीकॉम सेक्टर में प्रवेश कर लिया है। इसके मूल्यांकन के अनुसार, इस देश में प्रगति की अच्छी संभावनाएं हैं।

भारत सरकार ने सिएरा लियोन को विभिन्न सहायता पैकेज प्रदान किए हैं। जनवरी 2009 में विदेश राज्य मंत्री श्री आनंद शर्मा की सिएरा लियोन की यात्रा के दौरान सिएरा लियोन को उन्होंने 200 सैन्य बैरक भेंट किए। इन्हें एक भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा खोदा गया था। भारत ने सितंबर 2007 में आयोजित, सिएरा लियोन के राष्ट्रपति एवं संसदीय चुनावों के लिए मई 2007 में अमिट स्याही के 29 पैकेज भेंट किए थे। भारत ने सिएरा लियोन को तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए जून 2008 में 40,000 टन नॉन-बासमती चावल की आपूर्ति भी की थी।

सिएरा लियोन को इसके सामाजिक-आर्थिक विकास में सहायता करने की दृष्टि से, भारत ने देश की विभिन्न परियोजनाओं के लिए 100 मिलियन यूएस डॉलर के लाइन्स ऑफ क्रेडिट के माध्यम से रियायती दरों पर ऋण प्रदान किया है। इनमें शामिल हैं (i) वाणिजयिक कृषि का विकास; (ii) सिएरा लियोन में टेलीकॉम सेक्टर (सिएराटेल) का पुनरुद्धार; (iii) छह पोटेबल जल परियोजनाओं का पुनरुद्धार; और (iv) सोलर स्ट्रीट लाइटिंग प्रोजेक्ट शामिल हैं। सिएरा लियोन में सिंचाई विकास तथा मौजूद पोटेबल जल सुविधाओं के रिहेबिलिटशन के विस्तार के लिए क्रमश: 30 मिलियन यूएस डॉलर और 15 मिलियन यूएस डॉलर के दो अन्य लाइन्स ऑफ क्रेडिट अनुमोदित किए गए हैं।

पैन-अफ्रीकन ई-नेटवर्क परियोजना ठीक प्रकार से काम कर रही है। सिएरा लियोन लर्निंग सेंटर ने सभी पांच भागीदार भारतीय विश्वविद्यालय केंद्रों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अतिरिक्त, डॉक्टर और चिकित्सा एवं फार्मेकोलॉजी के छात्र टेली-मेडीसिन कार्यक्रमों में नियमित रूप से भाग ले रहे हैं और इन्हें अपने लिए उपयोगी पाया है।

**मानवीय सहायता :**

सिएरा लियोन की सरकार को इबोला वायरस डिजीज (ईवीडी) से लड़ने में सहायता करने के लिए, दिसंबर 2014 में भारत सरकार ने वहां की स्थानीय सरकार को 50,000 यूएस डॉलर मूल्य के चिकित्सा उपकरण एवं दवाइयां दान की हैं। यह डोनेशन सिएरा लियोन, लाइबेरिया और गीनिया के तीन देशों में इबोला वायरस बीमारी से लड़ने में मदद के लिए भारत सरकार की ओर से इबोला के लिए यू एन न्यास निधि को 12 मिलियन अमरीकी डालर के अंशदान तथा डब्ल्यू एच ओ को 50,000 अमरीकी डालर के नकद अंशदान के अलावा था।

**भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग (आई टी ई सी) कार्यक्रम**

आईटीईसी कार्यक्रम के अंतर्गत, सिएरा लियोन ने वित्त वर्ष 2012-13 और 2013-14 के दौरान क्रमश: 45 और 30 स्लॉटों का उपयोग किया है। इसे वर्ष 2014-15 के लिए 10 आई टी ई सी स्लाटों का आवंटन किया गया तथा इबोला वायरस बीमारी की वजह से केवल तीन स्लाटों का उपयोग किया गया। तिलोनिया के बेयरफुट कॉलेज में आयोजित आईटीईसी ग्रामीण सौर विद्युतीकरण पाठ्यक्रम विशेष रूप से प्रासंगिक पाया गया है। सिएरा लियोन की कुछ महिलाओं ने पाठ्यक्रम के बाद वापस लौटकर अपने गांवों में सफलतापूर्वक सौर प्रणाली संस्थापित की है जो ग्रामीण परिवारों को सस्ती बिजली प्रदान कर रहे हैं।

**भारतीय समुदाय**

सिएरा लियोन में भारतीय समुदाय लगभग 1400 लोगों का है जिनमें से 500 लघु अवधि की संविदाओं पर हैं। अधिकांश भारतीय व्यापार एवं विनिर्माण में लगे हुए हैं। उनमें से कुछ सोने और हीरे के खनन एवं व्यापार के काम में हैं। यहां भारतीय स्वामित्व वाली लगभग 60 पंजीकृत कंपनियां हैं। एयरटेल देश में सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी है। इंडियन मर्केंटाइल एसोशिएसन सिएरा लियोन में एकमात्र भारतीय संघ है। स्थानीय मंदिर समिति द्वारा एक हिंदू मंदिर संचालित किया जा रहा है। भारतीय स्वामित्व वाले कोइतराम ग्रुप द्वारा प्रबंधित कोइतराम ग्रुप एक चेरिटेबल अस्पताल चलाता है।

सरकारी एवं राजनयिक समुदाय से उच्च स्तर पर भागीदारी के साथ भव्य ढंग से 21 जून 2015 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सफलतापूर्वक मनाया गया।

**उपयोगी संसाधन :**

भारतीय उच्चायोग, एकरावेबसाइट::
http://www.indiahc-ghana.com/ भारतीय उच्चायोग, एकरा फेसबुक पृष्ठ:
https://www.facebook.com/pages/High-Commission-of-India-Accra-Ghana/

***

**फरवरी, 2016**